3112

क्रमांक

**H**

# 2013 (I)
## जीव विज्ञान
### प्रश्न पत्र

विषय कोड **3** पुस्तिका कोड **A**

समय : 3:00 घंटे

पूर्णांक : 200 अंक

## अनुदेश

1. आपने हिन्दी को माध्यम चुना है । इस परीक्षा पुस्तिका में एक सौ पैंतालीस (20 भाग 'A' में + 50 भाग 'B' + 75 भाग 'C' में ) बहुल विकल्प प्रश्न (MCQ) दिए गए हैं । आपको भाग 'A' में से अधिकतम 15 और भाग 'B' में 35 प्रश्नों तथा भाग 'C' में से 25 प्रश्नों के उत्तर देने हैं । यदि निर्धारित से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिए गए तब केवल पहले भाग 'A' से 15, भाग 'B' से 35 तथा भाग 'C' से 25 उत्तरों की जांच की जाएगी ।
2. उत्तर पत्र अलग से दिया गया है । अपना रोल नम्बर और केन्द्र का नाम लिखने से पहले यह जांच लीजिए कि पुस्तिका में पृष्ठ पूरे और सही हैं तथा कहीं से कटे–फटे नहीं हैं । यदि ऐसा है तो आप इन्विजीलेटर से पुस्तिका बदलने का निवेदन कर सकते हैं । इसी तरह से उत्तर पत्र को भी जांच लें । इस पुस्तिका में रफ काम करने के लिए अतिरिक्त पन्ने संलग्न हैं ।
3. उत्तर पत्र के पृष्ठ 1 में दिए गए स्थान पर अपना रोल नम्बर, नाम, अपना पता तथा इस परीक्षा पुस्तिका का क्रमांक लिखिए । आपके हस्ताक्षर भी जरूरी हैं ।
4. **आप अपनी ओ.एम.आर. उत्तर पुस्तिका में रोल नंबर, विषय कोड, पुस्तिका कोड और केन्द्र कोड से संबंधित समुचित वृतों को अवश्य काला कर दें । यह एक मात्र परीक्षार्थी की जिम्मेदारी है कि वह उत्तर पुस्तिका में दिए गए निर्देशों का पूरी सावधानी से पालन करें, ऐसा न करने पर कम्प्यूटर विवरणों का सही तरीके से अकूटित नहीं कर पाएगा, जिससे अंततः आपको हानि, जिससे आपकी उत्तर पुस्तिका की अस्वीकृति भी शामिल, हो सकती है ।**
5. भाग 'A' तथा भाग 'B' में प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक 'C' में प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है । प्रत्येक गलत उत्तर का ऋणात्मक मूल्यांक 25 % की दर से किया जाएगा ।
6. प्रत्येक प्रश्न के नीचे चार विकल्प दिए गए हैं । इनमें से केवल एक विकल्प ही "सही" अथवा "सर्वोत्तम हल" है । आपको प्रत्येक प्रश्न का सही अथवा सर्वोत्तम हल ढूंढना है ।
7. नकल करते हुए या अनुचित तरीकों का प्रयोग करते हुए पाए जाने वाले अभ्यार्थियों का इस और अन्य भावी परीक्षाओं के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है ।
8. अभ्यार्थी को उत्तर या रफ पन्नों के अतिरिक्त कहीं और कुछ भी नहीं लिखना चाहिए ।
9. परीक्षा समाप्त हो जाने पर परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र को इन्विजीलेटर को अवश्य सौंप दीजिए।
10. केलकूलेटर का उपयोग करने की अनुमति नहीं है ।
11. किसी प्रश्न में विसंगति के मामले में अंग्रेजी संस्करण प्रबल होगा ।

रोल नंबर .......................

नाम ...............................

अभ्यर्थी द्वारा भरी गई जानकारी को मैं सत्यापित करता हूँ ।

...............................

इन्विजीलेटर के हस्ताक्षर

AH



www.examrace.com

## भाग 'क' / PART 'A'

1. एक 16.2 मी. लंबे लकड़ी के कुंदे का 2 मी. अचर व्यास है। एक टुकड़े, जिसका आयतन 22 घन मी. है, को पाने के लिए कुंदे को कितना लंबा काटना चाहिए?

1. 3.5 मी. 2. 7.0 मी.
3. 14.0 मी. 4. 22.0 मी.

1. A 16.2 m long wooden log has a uniform diameter of 2 m. To what length the log should be cut to obtain a piece of 22 $m^3$ volume?

1. 3.5 m 2. 7.0 m
3. 14.0 m 4. 22.0 m

2. $7^{73}$ का अंतिम अंक क्या है?

1. 7 2. 9
3. 3 4. 1

2. What is the last digit of $7^{73}$?

1. 7 2. 9
3. 3 4. 1

3. एक भाग्यवान मनुष्य को स्वर्ण मुद्राओं से भरी 6 हण्डियां मिलती हैं। पहले चार में स्वर्ण मुद्राओं की संख्यायें क्रमशः 60, 30, 20 तथा 15 हैं। यदि एक निर्धारित क्रम है, तो आखरी दो हण्डियों में स्वर्ण-मुद्राओं की संख्याएं क्या हो सकती हैं?

1. 10 व 5 2. 4 व 2
3. 15 व 15 4. 12 व 10

3. A lucky man finds 6 pots of gold coins. He counts the coins in the first four pots to be 60, 30, 20 and 15, respectively. If there is a definite progression, what would be the numbers of coins in the next two pots?

1. 10 and 5 2. 4 and 2
3. 15 and 15 4. 12 and 10

4. एक मधुमक्खी अपनी पेटिका को सुबह छोड़ती है, तथा 30 मिनट दक्षिण की तरफ उड़कर एक उद्यान में पहँचकर पांच मिनट के लिए मधु एकत्रित करती है। तद्पश्चात वह पश्चिम की तरफ 40 मिनट उड़कर एक दूसरे उद्यान में 10 मिनट के लिए मधु एकत्रित करती है। फिर वह सबसे निकटतम रास्ते से अपनी पेटिका पर वापस आती है। यह मानते हुए कि मधुमक्खी अचर गति से उड़ती है, वह अपनी पेटिका से कितने समय के लिए दूर रही?

1. 85 मिनट 2. 155 मिनट
3. 135 मिनट 4. 1 घंटे से कम

4. A bee leaves its hive in the morning and after flying for 30 minutes due south reaches a garden and spends 5 minutes collecting honey. Then it flies for 40 minutes due west and collects honey in another garden for 10 minutes. Then it returns to the hive taking the shortest route. How long was the bee away from its hive? (Assume that the bee flies at constant speed)

1. 85 min 2. 155 min
3. 135 min 4. Less than 1 hour

5. 12 मी. ऊँचाई के एक पेड़ के ऊपर बैठी एक पक्षी, पेड़ की ऊँचाई से दुगनी दूरी पर से पेड़ के पेंदे की ओर चलती एक शतपद को देखती है। पक्षी शतपद को पकड़ने एक सीधी रेखा पर उड़ती है। यदि दोनों की गतियां समान हैं, तो पेड़ के पेंदे से कितनी दूरी पर शतपद पक्षी से पकड़ा जायेगा?


1. 16 मी. 2. 9 मी.
3. 12 मी. 4. 14 मी.

5. A bird perched at the top of a 12 m high tree sees a centipede moving towards the base of the tree from a distance equal to twice the height of the tree. The bird flies along a straight line to catch the centipede. If both move at the same speed, at what distance from the base of the tree will the centipede be picked up by the bird?

1. 16 m
2. 9 m
3. 12 m
4. 14 m


*Ans. 2*

6. एक चींटी चित्र में ए से सी तक सिर्फ रेखाओं पर चलती हुई एवं कम से कम लंबे रास्ते से चलती है। ऐसे करने के तरीकों की कुल संख्या है:





1. 2
2. 4
3. 5
4. 6

6. An ant goes from A to C in the figure crawling only on the lines and taking the least length of path. The number of ways in which it can do so is





1. 2
2. 4
3. 5
4. 6

7. नीचे दर्शाये गए वर्तुलाकार चक्रिका में एक बिंदु यादृच्छिक रूप से चुनी जाती है। इस बिंदु के वृत्तखंड OAB में पड़ने की प्रायिकता क्या है? (जहां $\angle AOB = x$ रेडियन है)




1. $\frac{2x}{\pi}$
2. $\frac{x}{\pi}$
3. $\frac{x}{2\pi}$
4. $\frac{x}{4\pi}$


7. A point is chosen at random from a circular disc shown below. What is the probability that the point lies in the sector OAB?




(where $\angle AOB = x$ radians)

1. $\frac{2x}{\pi}$
2. $\frac{x}{\pi}$
3. $\frac{x}{2\pi}$
4. $\frac{x}{4\pi}$

8.




त्रिज्या $R$ के अर्धगोलीय दर्पण से दो बार परावर्तित एक प्रकाश किरण, आपतित किरण के समांतर निकलता है (चित्र को देखें)। मूल आपतित किरण व अंतिम परावर्तित किरण के बीच की पृथकता है

1. $R$
2. $R\sqrt{2}$
3. $2R$
4. $R\sqrt{3}$

www.easybiologyclass.com

**8.**



A ray of light, after getting reflected twice from a hemispherical mirror of radius $R$ (see the above figure), emerges parallel to the incident ray. The separation of the original incident ray and the final reflected ray is

1. $R$  2. $R\sqrt{2}$
3. $2R$  4. $R\sqrt{3}$

**9.** एक राजा 8 कि.ग्रा. सोने तथा 2 कि.ग्रा. चांदी से एक स्वर्णिम किरीट बनाने की आज्ञा देता है। सुनार ने कुछ सोना चुराया और उसके समान वजन की चांदी मिलाकर 10 कि.ग्रा.वजन वाला किरीट बनाया। ऑर्किमिडिस को पता था कि पानी के अंदर सोने व चांदी का क्रमशः 1/20वां 1/10वां भाग वजन घटते हैं। पानी के अंदर किरीट का वजन 9.25 कि.ग्रा. पाया गया। सुनार ने कितने कि.ग्रा. सोने की चोरी की?

1. 0.5 kg.  2. 1 kg.
3. 2 kg.  4. 3 kg

**9.** A king ordered that a golden crown be made for him from 8 kg of gold and 2 kg of silver. The goldsmith took away some amount of gold and replaced it by an equal amount of silver and the crown when made, weighed 10 kg. Archimedes knew that under water gold lost 1/20$^{th}$ of its weight, while silver lost 1/10$^{th}$. When the crown was weighed under water, it was 9.25 kg. How much gold was stolen by the goldsmith?

1. 0.5 kg.  2. 1 kg.
3. 2 kg.  4. 3 kg

**10.** एक घड़ी की मिनट तथा घंटा सुईयों के बीच का कोण, 7:35 बजे क्या है?

1. $0^\circ$  2. $17.5^\circ$
3. $19.5^\circ$  4. $20^\circ$

**10.** What is the angle between the minute and hour hands of a clock at 7:35?

1. $0^\circ$  2. $17.5^\circ$
3. $19.5^\circ$  4. $20^\circ$

**11.** चींटियों का एक कतार, बिंदु A से B बिंदु तक चलती है, तथा उसी रास्ते से बिंदु A पर वापस आती है। सभी चींटियां समान गति से चलती हैं, तथा किसी भी बिंदु पर प्रति सेकण्ड दो चींटियां एक दिशा में पार होती हैं। एक चींटी को A से B तक जाने में एक मिनट लगता है। किसी चींटी के A से B तक की यात्रा के दौरान वह कितनी वापस आती हुई चींटियों से मिलेगी?


1. 120  2. 60
3. 240  4. 180

**11.** A stream of ants go from point A to point B and return to A along the same path. All the ants move at a constant speed and from any given point 2 ants pass per second one way. It takes 1 minute for an ant to go from A to B. How many returning ants will an ant meet in its journey from A to B?

1. 120  2. 60
3. 240  4. 180

www.easybiologyclass.com


**12.**



ऊपर दर्शाया हुआ शंकु-आकार बर्तन की क्षमता *V* है। वह अपनी ऊँचाई के आधे तक पानी से भरा गया। बर्तन में पानी का आयतन है

1. $\frac{V}{2}$  2. $\frac{V}{4}$
3. $\frac{V}{8}$  4. $\frac{V}{16}$

**12.**



The capacity of the conical vessel shown above is *V*. It is filled with water upto half its height. The volume of water in the vessel is

1. $\frac{V}{2}$  2. $\frac{V}{4}$
3. $\frac{V}{8}$  4. $\frac{V}{16}$

**13.** पानी से पूरी भरी एक बहुत बड़ी टंकी को प्रति दिन बचे हुये पानी में से आधे पानी को बहाकर खाली किया जाता है। कितने दिनों के बाद टंकी में 10% के करीब पानी रह जाएगा?

1. एक  2. दो
3. तीन  4. चार

**13.** A large tank filled with water is to be emptied by removing half of the water present in it everyday. After how many days will there be closest to 10% water left in the tank?

1. One  2. Two
3. Three  4. Four

**14.** n एक प्राकृतिक संख्या है। यदि $n^5$ विषम है, तो निम्न में से क्या सही है?

(A) n विषम है
(B) $n^3$ विषम है
(C) $n^4$ सम है

1. केवल A  2. केवल B
3. केवल C  4. केवल A तथा B

**14.** n is a natural number. If $n^5$ is odd, which of the following is true?

(A) n is odd
(B) $n^3$ is odd
(C) $n^4$ is even

1. A only  2. B only
3. C only  4. A and B only


**15.** मानें कि गुणफलन $(x_1 + y_1)\ (x_2 + y_2)\cdots(x_{20} + y_{20})$ को आप विस्तृत करते हैं। कितने ऐसे पद होंगे जिनमें केवल एक *x* तथा बाकी सब *y* होंगे?

1. 1  2. 5
3. 10  4. 20

**15.** Suppose you expand the product $(x_1 + y_1)\ (x_2 + y_2)\cdots(x_{20} + y_{20})$. How many terms will have only one *x* and rest *y*'s?

1. 1  2. 5
3. 10  4. 20


**16.** निम्न चित्र में रिक्त पंक्तियों में वर्तुलों की संख्या होनी चाहिए



1. 12 तथा 20  2. 13 तथा 20
3. 13 तथा 21  4. 10 तथा 11


**16.** In the figure below the numbers of circles in the blank rows must be

www.easybiologyclass.com




1. 12 and 20.
2. 13 and 20
3. 13 and 21
4. 10 and 11


**17.** यदि हम एक रेखाचित्र में किसी बच्चे के वजन (w) बनाम आयु (t) को अंकित करते हैं, तो निम्न दर्शाये गये चार रेखाचित्रों में कौन सी कभी पायी नहीं जा सकती?




**17.** If we plot the weight (w) versus age (t) of a child in a graph, the one that will never be obtained from amongst the four graphs given below is





**18.** लुप्त संख्या का पता लगायें




1. 1
2. 0
3. 2
4. 3

**18.** Find the missing number:




1. 1
2. 0
3. 2
4. 3

**19.** एक द्विघात समीकरण $x^2 + ax+b=0$ को हल करते हुए एक विद्यार्थी ने *a* को गलत मान लेकर मूल 6 तथा 2 पाये। जबकि दूसरे विद्यार्थी ने *b* का गलत मान लेकर मूल 6 तथा 1 पाये। *a* तथा *b* के सही मान, क्रमशः क्या हैं?

1. 7 तथा 12
2. 3 तथा 4
3. -7 तथा 12
4. 8 तथा 12

**19.** In solving a quadratic equation of the form $x^2 + ax+b=0$ , one student took the wrong value of *a* and got the roots as 6 and 2; while another student took the wrong value of *b* and got the roots as 6 and 1. What are the correct values of *a* and *b*, respectively?

1. 7 and 12
2. 3 and 4
3. -7 and 12
4. 8 and 12

*Ans. 3*

**20.** दो तेलकूपों के बीच की दूरी 6 कि. मी. है। 1:50000 तथा 1:5000 अनुमाप के नक्शों में इनके बीच की दूरियां क्रमशः क्या होंगी?

1. 12 से.मी. तथा 1.2 से.मी.
2. 2 से.मी. तथा 12 से.मी.
3. 120 से.मी. तथा 12 से.मी.
4. 12 से.मी. तथा 120. मी.

**20.** The distance between two oil rigs is 6km. What will be the distance between these rigs in maps of 1:50000 and 1:5000 scales, respectively?

1. 12 cm and 1.2 cm
2. 2 cm and 12 cm
3. 120 cm and 12 cm
4. 12 cm and 120 cm

Ans. 4

www.easybiologyclass.com

## भाग 'ख' / PART 'B'

**21.** दो बंधन-रहित परमाणु A और B में निम्न में से कौन-सी सहसंयोजक-विहीन अन्योन्यक्रियाएँ उनके आपस की दूरी के प्रति सबसे अधिक संवेदी होती हैं?

1. A और B स्थाई द्विध्रुव हैं और हाइड्रोजन बन्धन से सम्बद्ध हैं ।
2. A और B पूरी तरह आयनीकृत होते हैं और लवण सेतु निमार्ण से सम्बद्ध हैं ।
3. A और B चार्जरहित होते हैं और एक दूसरे को विकर्षित करते हैं ।
4. A और B चार्जरहित होते हैं और एक दूसरे को आकर्षित करते हैं ।

**21.** Which one of the following non-covalent interactions between two non-bonded atoms A and B is most sensitive to the distance between them?

1. A and B are permanent dipoles and are involved in hydrogen bonding.
2. A and B are fully ionized and are involved in salt bridge formation.
3. A and B are uncharged and repel each other.
4. A and B are uncharged and attract each other.

**22.** प्रोटीनों में अमीनों समूहों के pKa की सर्वोत्तम व्याख्या निम्न में से कौन-सा कथन करता है?

1. α-अमीनों समूह का pKa ϵ-अमीनो समूह के pKa से उच्च होता है ।
2. α-अमीनों समूह का pKa ϵ-अमीनों समूह के pKa से निम्न होता है ।
3. α-अमीनों समूह का pKa ϵ-अमीनों समूह के pKa के समकक्ष होता है ।
4. α-अमीनों समूह का pKa आर्जिनीन की ग्वानिडीन पार्श्व श्रृंखला के pKa से उच्च होता है ।

**22.** Which statement best describes the pKa of amino groups in proteins?

1. pKa of α-amino group is higher than the pKa of ϵ-amino group.
2. pKa of α-amino group is lower than the pKa of ϵ-amino group.
3. pKa of α-amino group is same as the pKa of ϵ-amino group.
4. pKa of α-amino group is higher than the pKa of guanidine side chain of arginine.

**23.** माइटोकॉन्ड्रिया पर 2, 4-डाइनाट्रोफीनोल का क्या प्रभाव होता है ?

1. यह प्रोटीन विभव का क्षय कर बिना इलेक्ट्रान परिवहन का संदमन किये ATP संश्लेषण को अवरुद्ध कर देता है।
2. यह आंतरिक माइटोकॉन्ड्रिया कला के आर-पार ATP–ADP का विनिमय संदमित कर इलेक्ट्रॉन परिवहन और ATP संश्लेषण को बाधित करता है ।
3. यह जटिल I, II, और III पर इलेक्ट्रॉन परिवहन और प्रोटोन पंपन को बाधित करता है ।
4. ATP सिन्थेज से सीधे-सीधे पारस्परिक क्रिया करता है और इसकी अभिक्रिया को संदमित करता है ।

**23.** What is the effect of 2, 4-dinitrophenol on mitochondria?

1. Blocks ATP synthesis without inhibiting electron transport by dissipating the proton gradient.
2. Blocks electron transport and ATP synthesis by inhibiting ATP-ADP exchange across the inner mitochondrial membrane.

www.easybiologyclass.com

3. Blocks electron transport and proton pumping at complexes I, II and III.
4. Interacts directly with ATP synthase and inhibits its activity.

**24.** किसी प्रोटोन में 30% ऐलानिन विद्यमान हैं यदि सभी ऐलानिन को ग्लाइसिनो द्वारा स्थानांतरित कर दिया जाए तो
1. कुंडलिनी आधेय बढ़ जाएगा ।
2. β-चादर आधेय बढ़ जाएगा ।
3. संरूपण में कोई परिवर्तन नहीं होगा ।
4. ऐलानिन-स्थानांतरित प्रोटीन, जनक प्रोटीन की तुलना में कम संरचित होगी ।

**24.** A protein has 30% alanine. If all the alanines are replaced by glycines,
1. helical content will increase.
2. β-sheet content will increase.
3. there will be no change in conformation.
4. the alanine-substituted protein will be less structured than the parent protein.

**25.** फॉस्फोलिपिडों का द्रव क्रिस्टली संक्रमण तापक्रम(Tm) वसीय अम्ल संगठन पर निर्भर करता है। इस परिप्रेक्ष्य में
1. सभी फॉस्फोलिपिडों का Tm एकसमान होगा
2. DPPC का Tm निम्नतम और DOPC का उच्चतम होगा
3. POPC एवं DOPC का Tm एकसमान होगा लेकिन DMPC अथवा DPCC से निम्न होगा
4. DOPC का Tm न्यूनतम और DPCC का Tm उच्चतम होगा ।

**25.** The gel to liquid crystalline transition temperature (Tm) of phospholipids is dependent on the fatty acid composition. Considering this, Tm of
1. all the phospholipids will be identical.
2. DPPC will be lowest and DOPC will be highest.
3. POPC and DOPC will be identical and lower than DMPC or DPPC.
4. DOPC will be lowest and DPPC will be highest.

**26.** आपने *trp* ओपेरॉन के बीच ऐसा संलयन तैयार किया है जो *lac* ऑपरेटर के नियामक नियंत्रण में ट्रिप्टोफेन जैव-संश्लेषण के एंजाइमों को कोडित करता है। इंगित कीजिए कि निम्न में से कौन-सी परिस्थितियों में उस विभेद में, जो काइमिरी ऑपरेटर संलयित ओपेरॉन धारण करता है, ट्रिप्टोफान सिंथेज की अभिव्यक्ति होगी?
1. मात्र तब जब लैक्टोस और ग्लूकोस दोनों ही अनुपस्थित होते हैं ।
2. मात्र तब जब लैक्टोस और ग्लूकोस दोनों ही उपस्थित होते हैं ।
3. मात्र तब जब लैक्टोस तो अनुपस्थित होती है और ग्लूकोस उपस्थित होती है ।
4. मात्र तब जब लैक्टोस तो उपस्थित होती है और ग्लूकोस अनुपस्थित होती हैं ।

**26.** You have created a fusion between the *trp* operon, which encodes the enzymes for tryptophan biosynthesis, under the regulatory control of the *lac* operator. Under which of the following conditions will tryptophan synthase be induced in the strain that carries the chimeric operator fused operons?
1. Only when both lactose and glucose are absent.
2. Only when both lactose and glucose are present.
3. Only when lactose is absent and glucose is present.
4. Only when lactose is present and glucose is absent.

**27.** निम्न में से कौन-से उपकोशिकीय कक्ष युग्मों का pH और विद्युत-अपघट्य संगठन एकसमान होगा?

1. साइटोसॉल एवं लाइसोसोम।
2. साइटोसॉल एवं माइटोकॉड्रिया का अंतर-कला दिक्स्थान ।
3. साइटोसॉल एवं एंडोसोम ।
4. माइटोकॉड्रियाई आधात्री एवं अंतर-कला दिक्स्थान ।

**27.** Which of the following pairs of subcellular compartments is likely to have same pH and electrolyte composition?
1. Cytosol and lysosomes.
2. Cytosol and mitochondrial inter membrane space.
3. Cytosol and endosome.
4. Mitochondrial matrix and inter membrane space.

**28.** कोशिका विभाजन के मध्य समुच्चयन और विसमुच्चयन के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा उत्तर सबसे उपयुक्त होगा?
1. संपूर्ण समसूत्रण में, एक बार निर्मित होने के उपरांत, काइनेटोकोर सूक्ष्मनलिकाएं, धनात्मक सिरों पर ही बिबहुलकीकृत होते हैं।
2. संपूर्ण समसूत्रण में, एक बार निर्मित होने के उपरांत, काइनेटोकोर सूक्ष्मनलिकाएं, धनात्मक सिरों पर ही बहुलकीकृत होते हैं।
3. काइनेटोकोर सूक्ष्मनलिकाएं पश्चावस्था तक तो धनात्मक सिरों पर बहुलकीकृत होती हैं, तत्पश्चात उनका बिबहुलकीकरण प्रारंभ हो जाता है।
4. काइनेटोकोर सूक्ष्मनलिकाएं अपने ऋणात्मक सिरे पर कोशिका द्रव्य तक तो बहुलकीकृत होती हैं और तत्पश्चात उनका बिबहुलकीकरण होता है।

**28.** Regarding microtubule assembly and disassembly during cell division, which will be the most appropriate answer?
1. Once formed, kinetochore microtubules depolymerize at the plus ends throughout mitosis.
2. Once formed, kinetochore microtubules polymerize at the plus ends throughout mitosis.
3. Kinetochore microtubules polymerize at their plus ends up to anaphase, at which point they begin to depolymerize.
4. Kinetochore microtubules polymerize at their minus ends up to cytokinesis, at which point they depolymerize.

**29.** प्रतिकृति के उद्गम में प्रायः विद्यमान होते हैं
1. GC बहुल अनुक्रम ।
2. दोनों AT एवं GC बहुल अनुक्रम ।
3. अनुक्रमों का कोई विशिष्ट वितान नहीं ।
4. AT बहुल अनुक्रम ।

**29.** Origin of replication usually contains
1. GC rich sequences.
2. both AT and GC rich sequences.
3. no particular stretch of sequences.
4. AT rich sequences.

**30.** *ए. कोलाई* आर एन ए पॉलिमरेज का σ-उपएकक
1. अनुलेखन प्रारंभ नहीं करता है और दीर्घीकरण के मध्य नीचे गिर जाता है
2. क्रोड एंजाइम, वर्धक के प्रति बंधुता को नहीं बढ़ाता है
3. क्रोड एंजाइम से स्वतंत्र डी एन ए से आबंधन नहीं करता है
4. क्रोड एंजाइम से अन्योन्यक्रिया कर अनुलेखन की विशिष्टता सुनिश्चित नहीं करता है

**30.** σ-subunit of *E. coli* RNA polymerase **DOES NOT**
1. initiate transcription and fall off during elongation.
2. increase affinity of the core enzyme to the promoter.

3. binds to DNA, independent of the core enzyme.
4. ensures specificity of transcription by interacting with the core enzyme.

**31.** शीर्ष आबंधन प्रोटीन (eIF4E), जो स्थानांतरण (translation) के सार्वत्रिक नियंत्रण से संबद्ध है, यूकैरियोटी कोशिकाओं में अत्यंत नियंत्रित होती है। एक प्रयोग में किसी शोधकर्ता ने जीन-धारी स्तनपोषियों की कोशिकाओं को eIF4E जीन से इसके बहु-अभिव्यक्तिकरण हेतु अंतरप्रभावित (transfect) किया। इसके फलस्वरूप कोशिकाएं दर्शाऐंगी

1. ऐपोप्टोसिस (apoptosis)
2. नवद्रव्यीय रूपांतरण (neoplastic transformation)
3. कोई परिवर्तन नहीं
4. विभेदीकरण

**31.** The cap binding protein (eIF4E), which is involved in the global regulation of translation, is highly regulated in eukaryotic cells. In an experiment, a researcher transfected mammalian cells with (eIF4E) gene for its overexpression. Due to this, the cells will undergo

1. apoptosis.
2. neoplastic transformation.
3. no change.
4. differentiation.

**32.** जीवाणुभोजी T4 *ए. कोलाई* को संक्रमित कर अपना डी एन ए कोशिका में प्रविष्ट करा देता है। तत्पश्चात विषाणु की जीनों का अनुलेखन तीन अवस्थाओं में होता है। तत्काल आरंभिक (immediate early), आरंभिक (early) और विलंबित (late) । यहां यद्यपि विषाणु जीनोम पर सभी वर्धक विद्यमान होते है, फिर भी नियंत्रण होता है

1. वर्धक सामर्थ्य स्तर पर ।
2. आतिथेय आर एन ए पॉलिमरेज के रूपांतरण स्तर पर ।
3. नवीन पॉलिमरेजों के संश्लेषण स्तर पर ।
4. आर एन ए संश्लेषण हेर-फेर की दर के स्तर पर ।

**32.** Bacteriophage T4 infects *E. coli* and injects its DNA inside the cell. The transcription of viral genes occurs in three stages: immediate early, early and late. All the promoters on viral genome are available, but the control takes place at the level of

1. promoter strength.
2. modification of host RNA polymerase.
3. synthesis of new polymerases.
4. turn over rate of RNA synthesis.

**33.** ग्राम ऋणात्मक जीवाणु, *क्लेब्सियेला न्यूमोनिया* (*Klebsiella pneumoniae*) मनुष्यों में संक्रमण करने के कुछ घंटों के बाद गहन सजर्म प्रघात (severe septic shock) कराता है। इस प्रकार के संक्रमण के लिए निम्न में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

1. कोशिकाभित्ति अंतराविष साइटोकाइनिनों का अति उत्पाद करते हैं ।
2. सजर्म प्रघात का उपचार प्रति-TNFα प्रतिपिंडो द्वारा किया जा सकता है ।
3. सजर्म प्रघात के उपचार हेतु पुनर्योगज जीवाण्विक प्रोटीनों का उपयोग किया जा सकता है ।
4. सजर्म प्रघात के उपचार के लिए पुनर्योगज TNFα - ग्राही विरोधी का उपयोग किया जा सकता है ।

**33.** Gram negative bacteria, *Klebsiella pneumoniae*, upon infecting humans, results in severe septic shock after a few hours of

infection. Which of the following is not true for this type of infection?
1. Cell wall endotoxins cause overproduction of cytokines.
2. Septic shock can be treated by anti-TNFα antibodies.
3. Recombinant bacterial proteins can be used for the treatment of septic shock.
4. Recombinant TNFα receptor antagonist can be used for the treatment of septic shock.

34. निम्न में से कौन-सी स्थिति इंसुलिन अभिक्रिया से संबद्ध नहीं मानीं जाती है?
1. बढ़ा हुआ ग्लूकोज परिवहन ।
2. बढ़ा हुआ ग्लाइकोज निर्माण ।
3. वसा ऊतक में बढ़ा हुआ वसा-अपघटन ।
4. ग्लूकोस-नवजनन की घटी दर ।

34. Which of the following is NOT associated with insulin action?
1. Increased glucose transport.
2. Increased glycogen formation.
3. Enhanced lipolysis in adipose tissue.
4. Decreased rate of gluconeogenesis.

35. जब ऐडीनोमा (adenoma) मेटास्टेटिक ऐडीनोकार्सिनोमा (metastatic adenocarcinoma) में परिवर्तित हो जाता है, तो निम्न में से कौन-से यौगिकों का संयोजन लगभग निश्चित रूप से अपघटित हो जाएगा?
1. कौलेजन प्रकार IV और लैमिनिन
2. फाइब्रोनेक्टिन एवं $\beta_2$ इंटेग्रिन
3. मेटालोप्रोटिएज एवं सेरीन प्रोटिएज
4. एलास्टिन एवं सेलेक्टिन

35. When adenoma is converted to metastatic adenocarcinoma, which of the following combination of proteins is almost certainly to be degraded?
1. Type IV collagen and laminin.
2. Fibronectin and $\beta_2$ integrin.
3. Metalloprotease and serine protease.
4. Elastin and selectin.

36. निम्न में से कौन-सी संयोजित B- एवं T-कोशिका अपूर्णता मानी जाती है?
1. ऐटाक्सिया-टेलांगीक्टेसिया
2. स्विस प्रकार का ऐगामाग्लोब्यूलिनेमिया
3. विस्कोट्ट-एल्ड्रिच संलक्षण
4. ब्रटन का ऐगामाग्लोब्यूलिनेमिया

36. Which of the following is considered to be a combined B- and T-cell deficiency?
1. Ataxia-telangiectasia
2. Swiss type agammaglobulinemia
3. Wiskott-Aldrich syndrome
4. Bruton's agammaglobulinemia

37. चूजे में भ्रूण का वह भाग जिससे बाह्यत्वचा, मध्यजन स्तर एवं अंतःत्वचा का निर्माण होता है, कहलाता है
1. आदि रेखा ।
2. अतःकोरिक ।
3. अधिकोरिक ।
4. अंतःपोषकोरिक ।

37. The part of the embryo from which the ectoderm, mesoderm and endoderm are formed in chick is known as
1. primitive streak.
2. hypoblast.
3. epiblast.
4. cytotrophoblast.

38. उभयचरी संगठक द्वारा स्रवित कौन-सी प्रोटीन अस्थि संरचनाविकासी प्रोटीन का संदमन करके तंत्रिक ऊतक निर्माण को उद्दीपित करती है?
1. β-कैटेनिन ।
2. नौगिन ।
3. डिक्कोप्फ ।
4. डाईशैवेलेड ।

38. Which protein secreted by the amphibian organizer induces neural tissue formation by inhibiting Bone Morphogenetic Protein?

1. β-catenin.
2. Noggin.
3. Dickkopf.
4. Dishevelled.

**39.** ड्रोसोफिला (*Drosophila*) में β-कैटेनिन का समजातीय होता है
1. फयूशी तराज़ू (Fushi tarazu) ।
2. ऐनग्रेल्ड ।
3. आर्मािडल्लो ।
4. क्यूबिटस इन्टरप्टस ।

**39.** The homologue of β-catenin in *Drosophila* is
1. Fushi tarazu.
2. Engrailed.
3. Armadillo.
4. Cubitus interruptus.

**40.** अपेटला 3/पिस्टिलेटा (*ap3/pi*) उत्परिवर्तनों में कौन-से पुष्प चक्र प्रभावित होते हैं?
1. बाह्यदल और दल
2. दल और पुंकेसर
3. पुंकेसर और स्त्रीकेसर
4. बाह्यदल और पुंकेसर

**40.** Which of the floral whorls is affected in *apetala 3/pistillata* (*ap*3/*pi*) mutants?
1. Sepals and petals.
2. Petals and stamens.
3. Stamens and carpels.
4. Sepals and stamens.

**41.** पादप-चयोपचय में ऑक्सिडेटिव पेन्टोस फॉस्फेट पथिका (oxidative pentose phosphate pathway ) की भूमिका के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन सही नहीं है?
1. जैवरासायनिक प्रतिक्रियाओं के संचालन के लिए NADPH का उत्पादन आवश्यक होता है
2. न्यूकलाइक अम्लों के संश्लेषण के लिए पेन्टोस फॉस्फेट उत्पादन आवश्यक होता है
3. सगंध अमीनो अम्लों के जैव-संश्लेषण हेतु ऐराइथ्रोज 4-फॉस्फेट का बनना आवश्यक है
4. ATP के निर्माण के लिए NADH का उत्पादन आवश्यक है

**41.** Which one of the following statements is **INCORRECT** about the role of oxidative pentose phosphate pathway in plant metabolism?
1. Generation of NADPH required to drive biosynthetic reactions.
2. Production of pentose phosphate for the synthesis of nucleic acids.
3. Formation of erythrose 4-phosphate for biosynthesis of aromatic amino acids.
4. Production of NADH to generate ATP.

**42.** हरी पत्तियों में प्रकाश-संश्लेषणी कार्बन अपचयन (PCR) चक्र के मध्य, ग्लिसरेल्डीहाइड 3-फॉस्फेट (G3P) के एक अणु के उत्पादन के लिए ऊर्जा तुल्यमानों के निम्न में से किस एक संयोजन की आवश्यकता होती है:
1. 9 NADPH और 6 ATP
2. 3 NADPH और 9 ATP
3. 2 NADPH और 3 ATP
4. 6 NADPH और 9 ATP

**42.** During photosynthetic carbon reduction cycle in green leaves, net production of one molecule of glyceraldehyde 3-phosphate requires one of the following combinations of energy equivalents:
1. 9 NADPH and 6 ATP.
2. 3 NADPH and 9 ATP.
3. 2 NADPH and 3 ATP.
4. 6 NADPH and 9 ATP.

**43.** उच्च पादपों में विद्यमान यूरियेज एंजाइम के साथ निम्न में से कौन-सा आवश्यक सूक्ष्मपोषी संबद्ध है?
1. निकिल (Nickel)
2. मॉलिब्डेनम (Molybdenum)

3. जिंक (Zinc)
4. कॉपर (Copper)

**43.** Which one of the following essential micronutrients is associated with urease enzyme found in higher plants?
1. Nickel.
2. Molybdenum.
3. Zinc.
4. Copper.

**44.** पादप, प्रकाश का अनुभव विभिन्न प्रकाशग्राहियों, तथा अनुप्रवाही जीनों के द्वारा करते हैं। इंगित कीजिए कि निम्न में से कौन-सी जीन प्रकाश अनुभव से संबद्ध **नहीं** है?
1. *PIF*3.
2. *NPR*1.
3. *PHY E*.
4. *CRY*3.

**44.** Plants are able to perceive light through various photoreceptors and downstream genes. Which one of the following genes is **NOT** involved in light perception?
1. *PIF*3.
2. *NPR*1.
3. *PHY E*.
4. *CRY*3.

**45.** अंधेरे में, दंड एक विशाल आंतरिक 'अंधेरी' धारा दर्शाते हैं जो प्रकाश की एक स्फुर क्षण दीप्ति द्वारा समाप्त हो जाती है। प्रकाश के प्रभाव की व्याख्या की दृष्टि से निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?
1. दंडों के बाह्य खंड में सोडियम प्रणाल बंद होते हैं
2. कोशिकाद्रव्यीय (Cytoplasmic cGMP ) सान्द्रण बढ़ जाता है
3. दंडों के आंतरिक खंड में सोडियम प्रणाल बंद हो जाते है
4. बीटा-अरेस्टिन से पारक्रमण वियोजित हो जाता है

**45.** In the dark, rods show a large inward "dark" current which is suppressed by a flash of light. Which one of the following statements, explaining the effect of light, is true?
1. Sodium channels in the outer segment of rods are closed.
2. Cytoplasmic cGMP concentration increases.
3. Sodium channels in the inner segment of rods are closed.
4. Transducin dissociates from beta-arrestin.

**46.** मस्तूल कोशिका उत्पादन (mast cell generation) के लिए आवश्यक कारक के लिए चार मूषक समूहों, IL-3-न्यून, GM-CSF-न्यून, G-CSF-न्यून और एराइथ्रोपोईटिन-न्यून, का अध्ययन किया गया है। इंगित कीजिए कि किस मूषक में मस्तूल कोशिका उत्पादन न्यून होने की संभावना सबसे अधिक है?
1. IL-3-न्यून ।
2. GM-CSF-न्यून ।
3. G-CSF-न्यून ।
4. ऐराइथ्रोपोइटीन-न्यून ।

**46.** Four groups of mice were studied for the factor required for mast cell generation: IL-3-deficient, GM-CSF-deficient, G-CSF-deficient and erythropoietin-deficient. In which mice, mast cell generation is most likely to be deficient?
1. IL-3-deficient.
2. GM-CSF-deficient.
3. G-CSF-deficient.
4. Erythropoietin-deficient.

**47.** यदि किसी ग्राफिन फॉलिकल (Graafian follicle ) में थीका इन्टर्ना कोशिकाएं (theca interna cells ) समाप्त हो जाएं तो परिणाम क्या होगा?
1. तुरंत श्वेतांड-पिंड का निर्माण ।

www.easybiologyclass.com

2. कणिकामय कोशिकाओं में बढ़ा हुआ प्रोजेस्टरोन संश्लेषण ।
3. कणिकामय कोशिकाओं में घटा हुआ ऐस्ट्रोजन संश्लेषण ।
4. रक्तस्रावी पिंड का निर्माण ।

**47.** What would be the outcome if the theca interna cells were destroyed in a Graafian follicle?
1. Immediate formation of corpus albicans.
2. Increased progesterone synthesis in the granulosa cells.
3. Decreased estrogen synthesis in the granulosa cells.
4. Formation of corpus hemorrhagicum.

**48.** शिरा-रुधिर में, लाल रुधिर कोशिकाओं का आकार धमनी रुधिर की तुलना में कहीं अधिक होता है। शिरा रुधिर में इस बढ़े हुए आकार की लाल रुधिर कोशिका का कारण है
1. लाल रुधिर कोशिकाओं की कलाओं की बढ़ी हुई पारगम्यता ।
2. प्लैज्मा में घटा हुआ परासरणी दाब ।
3. लाल रुधिर कोशिकाओं में बढ़ा हुआ परासरणी दाब ।
4. लाल रुधिर कोशिकाओं में कोशिका पंजर प्रोटीनों का वियोजन ।

**48.** The size of red blood cells (RBC) in venous blood is greater than that of arterial blood. This increased size of red blood cell in the venous blood is due to
1. the increased permeability of red blood cell (RBC) membrane.
2. the decreased osmotic pressure in plasma.
3. the increased osmotic pressure in RBC.
4. the dissociation of cytoskeletal proteins in RBC.

**49.** एक प्रकार के गुणसूत्र विपथगमन से यद्यपि आनुवंशिक मानचित्र पर जीनों का क्रम तो बदल जाता है परंतु इसका सहलग्नता-समूह नहीं परिवर्तित होता। इसका कारण है
1. स्थानांतरण ।
2. पुनर्योजन ।
3. पक्षांतरण ।
4. व्युत्क्रम ।

**49.** A chromosome aberration leads to change in the order of genes in a genetic map but does not alter its linkage group. This is due to
1. translocation.
2. recombination.
3. transposition.
4. inversion.

**50.** सेमोर बेंजर (Seymour Benzer) ने रेकोन (recon) की अवधारणा प्रस्तावित की थी
1. जीवाणुभोजी T4 के लयन उत्परिवर्त्तियों के बीच पुनर्योजन का अध्ययन करके ।
2. *ड्रोसोफिला मेलानोगेस्टर* के श्वेत चक्षु उत्परिवर्तियों के बीच पुनर्योजन का अध्ययन करके ।
3. *न्यूरोस्पोरा क्रासा* के जैवरासायनिक उत्परिवर्तियों के बीच पुनर्योजन का अध्ययन करके ।
4. *एशरिकिआ कोलाई* के असर्वसंश्लेषी उत्परिवर्तियों के बीच पुनर्योजन का अध्ययन करके ।

**50.** The concept of recon was proposed by Seymour Benzer by studying recombination between
1. lysis mutants of bacteriophage T4.
2. white eye mutants of *Drosophila melanogaster*.
3. biochemical mutants of *Neurospora crassa*.
4. auxotrophic mutants of *Escherichia coli*.

**51.** ऐस्पार्टिक अम्ल (Asp) का विशिष्टीकरण कोडोन GAU एवं GAC द्वारा होता है।

उत्परिवर्तन के उपरांत, Asp का परिवर्तन ऐसे ऐलानीन में हो जाता है जिसे GCX द्वारा निरूपित किया जाता है, जहां X हो सकता है A, U, C अथवा G. उत्परिवर्तन का प्रत्यावर्तन मात्र क्रियाशील ऑक्सीजन जातियों द्वारा ही संभव है। ऐसे में उत्परिवर्तन की प्रकृति आंकी जाती है

1. संक्रमण ।
2. अनुप्रस्थन ।
3. संक्रमण अथवा अनुप्रस्थन ।
4. प्यूरीनविहीनीकरण (depurination) ।

**51.** Aspartic acid (Asp) is specified by the codon GAU and GAC. After mutation, Asp is changed to Alanine represented by GCX, where X may be A, U, C or G. The reversion of the mutation could only be done with reactive oxygen species. The nature of the mutation is considered to be
1. transition.
2. transversion.
3. either transition or transversion.
4. depurination.

**52.** दो श्वेत पुष्पधारी पादपों के बीच संकरण कराया गया। परिणामस्वरूप F1 संतति के पुष्प लाल रंग युक्त थे। इसका कारण है

1. पूरकीकरण ।
2. पुनर्योजन ।
3. स्थानांतरण ।
4. प्रत्यावर्तन ।

**52.** A cross is made between two plants with white flowers. All the F1 progeny had red coloured flower. This is because of
1. complementation.
2. recombination.
3. translocation.
4. reversion.

**53.** क्लैडीय (Cladistic) वर्गीकरण का आधार है

1. आनुक्रमिक क्रम जिसमें शाखाएं एक जातिवृत्तीय वृक्ष से उत्पन्न होती हैं ।
2. अनुक्रम विभेद का क्रम ।
3. आकारिकीय लक्षण एवं व्यष्टियों का पंजर।
4. कोशिकीय संगठन एवं साइटोपंजर ।

**53.** Cladistic classification is based on
1. sequential order in which branches arise from a phylogenetic tree.
2. the order of sequence divergence.
3. morphological features and skeleton of individuals.
4. cellular organization and cytoskeleton.

**54.** पुनर्पदनाम(Tautonym) एक ऐसा अनौपचारिक वर्गिकीय पदनाम है जो उन प्राणियों के लिए उपयोग किया जाता है जिनमें

1. वंश एवं जाति का एक ही नाम हो ।
2. जाति एवं उपजाति का एक ही नाम हो ।
3. त्रिनाम नामकरण किया गया हो ।
4. लेखक(author) का नाम जाति के लिए दिया गया हो ।

**54.** Tautonym is an informal taxonomic designation used for animals referring to
1. same name for genus and species.
2. same name for species and subspecies.
3. trinomial nomenclature.
4. the name of the author for the species.

*Ans. 1*

**55.** किसी समुद्रीय जैववैज्ञानिक ने समुद्र की सतह से एक सूक्ष्म जन्तु खोज निकाला। इस का पूर्ण शरीर समानतः खंडित और लघु, दृढ़ उपांगों तथा मृदु, लचीली त्वचा-युक्त था। इसमें एक पूर्ण पाचक तंत्र एवं मुक्त परिसंचरण तंत्र तो विद्यमान थे परंतु बाह्य कंकाल अनुपस्थित था। इस वर्णन के आधार पर जंतु प्रतीत होता है एक

1. लान्सलेट ।
2. गोलकृमि ।

www.easybiologyclass.com

3. मृदुकवची (मोलस्क) ।

4. परुषकवची (क्रस्टेशियाई) ।

55. A marine biologist dug up a small animal from the ocean floor. The animal was uniformly segmented with short, stiff appendages and soft, flexible skin. It had a complete digestive system and an open circulatory system but no exoskeleton. Based on this description, the animal appears to be a

1. lancelet.
2. roundworm.
3. mollusc.
4. crustacean.

56. किसी विलुप्त होती हुई जाति के परिरक्षण/संरक्षण के लिए निम्न में से कौन सा कार्यक्रम उपयोग में लाया जाता है?

1. स्थैतिक प्रजनन ।
2. प्राकृतिक स्रोत ।
3. प्रतिपालनीय उपयोग ।
4. कोर प्रभाव ।

56. Which of these programs is used to conserve a species facing extinction?

1. Captive breeding.
2. Natural resources.
3. Sustainable use.
4. Edge effects.

57. टिड्डों की एक जनसंख्या का आकलन प्रग्रहण-चिह्नन-मुक्ति-पुनर्प्रग्रहण विधि द्वारा किया जा रहा है। प्रथम दिन, निर्दिष्ट क्षेत्र से एक घंटे की अवधि में 100 टिड्डों का प्रग्रहण, चिह्नन और अवमोचन किया गया। दूसरे दिन पुनर्प्रग्रहण के मध्य, उसी अवधि और उसी क्षेत्र से 10 चिन्हित और 90 चिह्नन-विहीन टिड्डे ढूंढे जा सके? इंगित कीजिए कि निर्दिष्ट क्षेत्र में जनसंख्या का आकार क्या होगा?

1. 80.
2. 100.
3. 1,000.
4. 10,000.

57. A grasshopper population is being assessed by capture-mark-release-recapture method. On the first day, 100 grasshoppers were captured from a given area in 1 hour time, marked and released. On the next day during recapture, 10 marked and 90 unmarked grasshoppers could be found in the same time period from same area. What will be the estimated population size in the given area?

1. 80.
2. 100.
3. 1,000.
4. 10,000.

58. मुक्तजीवी नाइट्रोजन बंधक विविध पारिस्थितक निकेतों में उत्तरजीवी बने रह सकते हैं। नीचे दी हुई सूची में से **त्रुटिपूर्ण** संयोजन की पहचान कीजिए

1. *ऐजोटोबैक्टर* – अम्लीय मृदा ।
2. *डेराक्सिया* – क्षारीय मृदा ।
3. *बाइजरंकिया* – अम्लीय मृदा ।
4. *फ्रैंकिया* – उदासीन मृदा ।

58. Free-living nitrogen fixers can survive in different ecological niches. Identify the **incorrect** combination from the following list :

1. *Azotobacter* – acidic soil.
2. *Deraxia* – alkaline soil.
3. *Beijernckia* – acid soil.
4. *Frankia* – neutral soil.

59. डीजल के तेल से संदूषित एक मृदा खंड का शुक्ति छत्रकों (oyster mushrooms) द्वारा संरोपण किया गया। चार सप्ताह के उपरांत 95% से अधिक बहुचक्री ऐरोमैटिक हाइड्रोकार्बन निराविषी यौगिकों में अपघटित हो चुके थे। यह प्रक्रिया कहलाती है

1. पादपउपचारण ।
2. रसायनउपचारण ।
3. कवकउपचारण ।
4. प्राणिउपचारण ।

59. A plot of soil contaminated with diesel oil was inoculated with oyster mushrooms. After 4 weeks, more than 95% of the polycyclic aromatic hydrocarbons had been reduced to non-toxic compounds. This process is called
1. phytoremediation.
2. chemoremediation.
3. mycoremediation.
4. zooremediation.

60. इंग्लैंड में औद्योगिक काल पूर्व में, मिर्चीसम-शलभों (peppered moths ) का रंग हल्का होता था फलस्वरूप वे हल्के रंग-धारी वृक्षों और शैवाकों के विरुद्ध प्रभावी रूप से छद्मावरित (camouflaged) हो जाते थे। औद्योगिक क्रांति के मध्य अनेक शैवाक तो मर गए जब कि वृक्षों पर फैक्टरियों (factories) की कज्जल लगने से वे काले पड़ गए और ऐसे में आश्चर्यजनक रूप से प्रमुख गहरे रंग के शलभ देखे गए। ऐसा हुआ
1. प्रारंभ में कम संख्या में विद्यमान शलभों में से गहरे रंगधारी शलभों के प्राकृतिक वरण के कारण ।
2. वातावरणीय प्रदूषण के फलस्वरूप होने वाले उत्परिवर्तन के कारण ।
3. वातावरणीय परिवर्तन के फलस्वरूप होने वाले बृहद्-विकास के कारण ।
4. शलभों की छद्मावरणीय क्रियाविधि के प्राकृतिक वरण के कारण ।

60. In pre-industrial period in England, peppered moths had light coloration which effectively camouflaged them against light coloured trees and lichens. During industrial revolution, many lichens died out and trees became blackened by soot from factories and interestingly, dark coloured moths were predominantly seen. This happened due to
1. natural selection of dark coloured moths which were initially present in fewer numbers.
2. new mutation which arose due to environmental pollution.
3. macroevolution occurring due to environmental change.
4. natural selection of the camouflaging mechanism of the moths.

61. ऐसा जातिउद्भवन जिसमें एक विशिष्ट जनसंख्या दो भौगोलिकतः विलगित जनसंख्याओं में विभाजित हो जाती हैं, असमान चयनित दाब एवं आनुवंशिक विचलन का अनुभव करती है, कहलाता है
1. समस्थानिक जातिउद्भवन।
2. पैरापैट्रिक जातिउद्भवन ।
3. पेरीपैट्रिक जातिउद्भवन ।
4. विस्थापिक जातिउद्भवन ।

61. The speciation in which a population splits into two geographically isolated populations experience dissimilar selective pressure and genetic drift is known as
1. sympatric speciation.
2. parapatric speciation.
3. peripatric speciation.
4. allopatric speciation.

62. बहुजीनी कुल का विकास होता है
1. मात्र जीन द्विगुणन द्वारा ।
2. मात्र असमान जीन-विनिमय द्वारा ।
3. यादृक्षिक उत्परिवर्तनों द्वारा ।
4. दोनों जीन द्विगुणन एवं असमान जीन-विनिमय द्वारा ।

62. Evolution of multi-gene family occurs by
1. only gene duplication.
2. only unequal crossing-over.
3. random mutations.
4. both duplication and unequal crossing over.

63. कोई (शोधकर्ता) ऐसे पराजीनी मूषक का उपयोग करते हुए जो जीनों की अभिव्यक्ति एक वर्धक के अंतर्गत करता है, बृहदभोजियों

में जीन उत्पाद की भूमिका पता लगाना चाहता है। ऐसी स्थिति में निम्न में से कौन-सा वर्धक सबसे उपयुक्त है?

1. ऐक्टिन वर्धक ।
2. MHC श्रेणी II वर्धक ।
3. Mac-1/CD 11b वर्धक ।
4. IL-2 वर्धक ।

**63.** One aims to find out the role of a gene product in macrophages by using a transgenic mouse expressing the genes under a promoter. Which of the following is the most appropriate promoter?

1. Actin promoter.
2. MHC Class II promoter.
3. Mac-1/CD 11b promoter.
4. IL-2 promoter.

**64.** पराजीनी टमाटर की किस्म "फ्लेव्र-साव्र" (Flavr Savr) में निम्न में से किस जीन का अभियन्त्रीकरण किया गया था?

1. 1-अमीनो साइक्लोप्रोप्रेन -1- कार्बोजाइलिक अम्ल सिन्थेज।
2. 1-अमीनो साइक्लोप्रोप्रेन -1- कार्बोजाइलिक अम्ल ऑक्सिडेज।
3. ऐक्सपैन्सिन ।
4. पॉलिगैलेक्टुरोनेज ।

**64.** Which of the following genes was engineered in the "Flavr Savr" transgenic tomato variety?

1. 1-Amino cyclopropane-1-carboxylic acid synthase.
2. 1-Amino cyclopropane-1-carboxylic acid oxidase.
3. Expansin.
4. Polygalacturonase.

**65.** परजीनी मूषकों का परिवर्धन करने के लिए, भ्रूणीय स्तंभ कोशिकाओं का अभियंत्रण चयन पराजीन की अभिव्यक्ति के लिए किया जाता है। इन कोशिकाओं का चयन किया जाता है

1. नोवोबिओसिन द्वारा ।
2. नियोमाइसिन द्वारा ।
3. टेट्रासाइक्लिन द्वारा ।
4. पेनिसिलिन द्वारा ।

**65.** For developing transgenic mice, embryonic stem cells are engineered to express the transgene. These cells are selected by

1. novobiocin.
2. neomycin.
3. tetracycline.
4. penicillin.

**66.** सूक्ष्मजैविक निक्षालन में धातुओं के विलयन की प्रक्रिया अयस्क खंडन शैल पर सूक्ष्मजीवियों के प्रभाव द्वारा होती है। इंगित कीजिए कि निम्न में से कौन-सा जीवाणु तांबे (copper) को इसके अयस्क से निक्षालन में सहायता प्रदान करता है?

1. *Acidithiobacillus ferroxidans*.
2. *Pseudomonas putida*.
3. *Deinococcus radiodurans*.
4. *Rhodopseudomonas capsulate*.

**66.** Microbial leaching involves the process of dissolution of metals from ore breaking rocks using microorganisms. Which one of the following bacteria helps in leaching copper from its ore?

1. *Acidithiobacillus ferroxidans*.
2. *Pseudomonas putida*.
3. *Deinococcus radiodurans*.
4. *Rhodopseudomonas capsulate*.

**67.** 257 nm पर फेनिल ऐलानिन का अणुक अवशोषण गुणांक 200 $M^{-1}cm^{-1}$ होता है। इंगित कीजिए कि इस अमीनो अम्ल का कौन-सा सांद्रण 257 nm पर, 0.5-cm पथ की लंबाई की कोशिका में 1 अवशोषण प्रदान करेगा?

1. 3.30.
2. 0.33.
3. 1.65.
4. 0.17.

**67.** Molar absorption coefficient of phenylalanine is 200 $M^{-1}cm^{-1}$ at 257 nm. What concentration (g/L) of this amino acid will give an

absorption of 1 in a cell of 0.5-cm path length at 257 nm?
1. 3.30.
2. 0.33.
3. 1.65.
4. 0.17.

**68.** निम्न में से कौन-सा परमाणु नाभिक, नाभिकी चुंबकीय अनुनाद स्पैक्ट्रमिकी द्वारा अन्वेषित नहीं किया जा सकता
1. $^{1}H$.
2. $^{31}P$.
3. $^{18}O$.
4. $^{15}N$.

**68.** Which of the following atomic nuclei cannot be probed by nuclear magnetic resonance spectroscopy?
1. $^{1}H$.
2. $^{31}P$.
3. $^{18}O$.
4. $^{15}N$.

**69.** किसी अनुत्क्रमणीय प्रथम समूह प्रतिक्रिया, $S \rightarrow P$ का $t_{1/2}$ 1 घंटा है। इस स्थिति में 75% पूर्णता प्राप्त करने के लिए वांछनीय समय (घंटों में) होगा
1. 1.5.
2. 2.0.
3. 2.5.
4. 3.0.

**69.** $t_{1/2}$ of an irreversible first order reaction, $S \rightarrow P$ is 1 hour. The time (in hours) required to reach 75% completion is
1. 1.5.
2. 2.0.
3. 2.5.
4. 3.0.

**70.** हाइब्रिडोमा तकनीक (hybridoma technology ) में एकक्लोनी प्रतिपिंड उत्पादन के अवसर पर, उपयोग में लाई गई मायलोमा कोशिकाओं में हाइपोजेन्थिन-ग्वानीन फॉस्फोरिबोक्सिल ट्रांसफरेज (HGPRT) एंजाइम की इस सीमा तक कमी होती है कि संलयित कोशिकाएं तभी उत्तरजीवी रह सकती हैं जब उनका चयन हाइपोजैन्थीन- अमीनोप्टेरिन-थाइमिडीन (HAT) पर किया जाए। इस माध्यम में अमीनोप्टेरिन (aminopterin) की भूमिका क्या होती है?
1. मायलोमा कोशिकाओं के कोशिका चक्र संदमक के रूप में उपयोग होना ।
2. न्यूक्लियोटाइडों की संश्लेषण पथिका को अवरुद्ध करना ।
3. मायलोमा प्रभावित B कोशिकाओं और प्रतिपिंड उत्पादी B कोशिकाओं का संलयन सुगमीकरण ।
4. प्रतिपिंड उत्पादी B कोशिकाओं का उत्पादन सुगमीकरण ।

**70.** In the case of monoclonal antibody production by hybridoma technology, myeloma cells used lack the enzyme hypoxanthine-guanine phosphoribosyl transferase (HGPRT) such that fused cells can only survive when selected on hypoxanthine-aminopterin-thymidine (HAT). What is the role of aminopterin in this medium?
1. To be used as cell cycle inhibitor of myeloma cells.
2. To block the pathway for nucleotide synthesis.
3. To facilitate fusion of myeloid B cells and antibody producing B cells.
4. To facilitate production of antibody producing B cells.

www.easybiologyclass.com

# भाग 'ग'/PART 'C'

71. अमीनो अम्ल ऐलानिन कुंडलित संरुपण में वितरित होने की उच्च प्रवृत्ति धारण करता है। दो 20-अवशिष्ट पेप्टाइडों के एक सममोलर मिश्रण के वृत्ताकार द्विवर्णी स्पेक्ट्रम, जिनमें से एक मात्र L-ऐलानिन से और दूसरा मात्र D-ऐलानिन से संगठित है, को 185-250 nm के क्षेत्र में अभिलेखित किया गया। इंगित कीजिए कि इस स्थिति में निम्न में से कौन-सा देखा जाएगा:

1. कोई संकेत नहीं: क्योंकि दोनों पेप्टाइडों के काइरोप्टिकल गुण निरस्त हो जायेंगे ।
2. मात्र ऋणात्मक दीर्घवृत्तीयता के साथ पट्टियाँ: क्योंकि D-Ala पेप्टाइड के साथ बनी कुंडली अस्थायी होगी ।
3. मात्र धनात्मक दीर्घवृत्तीयता के साथ पट्टियाँ: क्योंकि दोनों ही पेप्टाइड दक्षिण-हस्तिक कुंडलियां निर्माण करेंगे ।
4. समान ऋणात्मक और धनात्मक दीर्घवृत्तीयता वाली पट्टियाँ ।

**71.** The amino acid alanine has high propensity to occur in helical conformation. The circular dichroism spectrum of an equimolar mixture of two 20-residue peptides, one composed of only L-alanine and the other only D-alanine is recorded in the region of 185-250 nm. Which one of the following will be observed?

1. No signal: as the chiroptical properties of the two peptides will cancel out.
2. Bands with only negative ellipticity: as helix formed by the D-Ala peptide will be unstable.
3. Bands with only positive ellipticity: as both the peptides will form right-handed helices.
4. Bands with identical negative and positive ellipticity.

72. निम्न लघु पेप्टाइड क्रियाधारों का उपयोग ऐलास्टेज की सक्रियता का निर्धारण करने के लिए किया जाता है और नीचे दिए गए आंकड़े अभिलेखित किए गए हैं:

| क्रियाधार | $K_M$(mM) | $k_{cat}$($s^{-1}$) |
|---|---|---|
| PAPA↓G | 4.02 | 26 |
| PAPA↓A | 1.51 | 37 |
| PAPA↓F | 0.64 | 18 |

तीर विदलन स्थल को इंगित करता है। ऊपर दिए हुए प्रेक्षणों से ऐसा प्रतीत होता है कि

(A) PAPAF सर्वाधिक द्रुत गति से पाचित होता है ।
(B) PAPAG सर्वाधिक द्रुत गति से पाचित होता है ।
(C) C-शिखर पर एक अपेक्षाकृत जलभीत अवशिष्ट अनुमोदित किया जाता है।
(D) C-शिखर पर एक अपेक्षाकृत लघु अवशिष्ट अनुमोदित किया जाता है ।
(E) एलास्टेज को विदलन स्थल के N-शिखर पर सदैव एक अपेक्षाकृत लघु अवशिष्ट की आवश्यकता होती है ।

इंगित कीजिए कि निम्न में से कौन-सा सत्य है

1. (A), (C), (E)
2. (B), (D), (E)
3. (E) मात्र
4. (D), (E) मात्र

**72.** The following small peptide substrates are used for determining elastase activity and the following data have been recorded.

| Substrate | $K_M$(mM) | $k_{cat}(s^{-1})$ |
|---|---|---|
| P A P A ↓ G | 4.02 | 26 |
| P A P A ↓ A | 1.51 | 37 |
| P A P A ↓F | 0.64 | 18 |

The arrow indicates the cleavage site. From the above observations, it appears that:

(A) PAPAF is digested most rapidly.
(B) PAPAG is digested most rapidly.
(C) A hydrophobic residue at the C- terminus seems to be favored.
(D) A smaller residue at the C-terminus seems to be favored.
(E) Elastase always requires a smaller residue at the N-terminus of the cleavage site.

Which of the following is true?

1. (A), (C), (E)
2. (B), (D), (E)
3. (E) only
4. (D), (E) only

**73.** किसी द्रव का प्रत्यक्ष pH 7.45 है, जहां इसे बनाए रखने में बाइकार्बोनेट बफर संबद्ध होता है। कार्बोनिक अम्ल के pKa मूल्य 6.15 और 10.45 हैं। [संयुग्मीक्षार]:[अम्ल] का मोलर अनुपात है

1. 1 : 20
2. 20 : 1
3. 1 : 1000
4. 1000 : 1

(संकेत: प्रतिलघुगणक 1.3 = 20.0, और प्रतिलघुगणक $10^{-3}$ = 1000)

**73.** The apparent pH of a fluid is 7.45, where bicarbonate buffer is involved for maintaining its pH. Values of pKa of carbonic acid are 6.15 and 10.45. The molar ratio of [conjugate base] : [acid] is

1. 1 : 20
2. 20 : 1
3. 1 : 1000
4. 1000 : 1

(Hint : antilog 1.3 = 20.0, and antilog $10^{-3}$ = 1000)

**74.** B-DNA का एक खंड 50 kD आण्विक भार के किसी एन्जाइम को संकेतित करता है। इस खंड की μm में संभावित लंबाई होगी

1. 0.1547
2. 0.1547 x $10^{-3}$
3. 0.4641
4. 0.4641 x $10^{-3}$

**74.** A segment of B-DNA encodes an enzyme of molecular mass 50 kD. The estimated length of this segment in μm would be

1. 0.1547
2. 0.1547 x $10^{-3}$
3. 0.4641
4. 0.4641 x $10^{-3}$

**75.** किसी ऑक्टापेप्टाइड की मूल संरचना का निर्धारण करने के लिए, अम्ल जलअपघटन (A) द्वारा, अमीनो अम्ल संगठन को परखा गया। अक्षत ओलिगोपेप्टाइड को कार्बोक्सीपेप्टिडेज (B), काइमोट्रिप्सिन (C), ट्रिप्सिन (D) और CNBr (E) के साथ उपचारित किया गया था और B से E के लिए अम्लीय जलअपघटन संपन्न किया गया था । प्रत्येक बार पेप्टाइडों को विलगित किया गया था। निम्न परिणाम प्राप्त हुए (कोष्ठक प्रत्येक अंश में अमीनो अम्लों के मिश्रण दर्शाते हैं):

